भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 329**
**21 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए**

## विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र में औद्योगिक दुर्घटना के संबंध में जांच आयोग

329 **श्री तमिलसेल्वन थंगा :**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र (वीएसपी) में हुई एक औद्योगिक दुर्घटना में नौ श्रमिकों की जान चली गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केंद्र सरकार ने ऐसी दुर्घटना के कारणों और इस्पात संयंत्र के खराब प्रबंधन का पता लगाने के लिए किसी जांच आयोग की नियुक्ति की है;

(घ) क्या केंद्र सरकार ने संयंत्र के उत्पादन और गुणवत्ता नियंत्रण कार्यों से जुड़े अधिकारियों के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (ङ): राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, विशाखापत्तनम के इस्पात संयंत्र की स्टील मेल्टिंग शॉप (एसएमएस-2) में दिनांक 8 जून, 2026 को एक दुर्घटना घटित हुई, जिसके परिणामस्वरूप पिघला हुआ इस्पात फैल गया। इस दुर्घटना में दस (10) कर्मचारियों की जान चली गई, जिनमें पांच (5) नियमित कर्मचारी और पांच (5) संविदा कर्मचारी शामिल थे, और चार (4) नियमित कर्मचारी घायल हो गए।

इस्पात मंत्रालय द्वारा सेल के बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रभारी निदेशक की अध्यक्षता में बाहरी विशेषज्ञों सहित एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया था। जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है और उचित कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

*****